उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, प्रयागराज।

पत्रांक– 6594 /चयन/ 131–2021/2021–22 दिनांक 05.01.2022

विज्ञप्ति

चयन बोर्ड की विज्ञप्ति संख्या–4786/चयन/131–2021/2019–20 दिनांक 18.11.2021 द्वारा याचिका संख्या–6547/2020 दीपक भाटिया व अन्य बनाम उ0प्र0 शासन व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 09.09.2020 में की गयी टिप्पणी, अभ्यर्थियों के प्रत्यावेदन में दिये गये तर्क एवं सम्बन्धित पहलुओं पर समग्र रूप से विचारोपरान्त बोर्ड द्वारा पूर्व निर्गत विज्ञप्ति दिनांक 06.03.2020 को निरस्त करने एवं विज्ञापन संख्या–01/2011 संस्था प्रधान के 06 मण्डल गोरखपुर, मुरादाबाद, चित्रकूट, मेरठ, बस्ती एवं फैजाबाद के सन्दर्भ में अग्रेतर कार्यवाही किये जाने का निर्णय लिया गया था।

बोर्ड द्वारा लिये गये उपर्युक्त निर्णय के कम में उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड नियमावली 1998 के नियम 12(11) के अनुसार 03 मण्डलों चित्रकूट, बस्ती, फैजाबाद(अयोध्या) के चयनित अभ्यर्थियों का संस्था आवंटन/पैनल चयनबोर्ड की विज्ञप्तिः 6488/चयन/131–2021/2021–22 दिनांक 29.12.2021 द्वारा जारी हो चुका है। अवशेष मण्डलों गोरखपुर, मेरठ एवं मुरादाबाद के चयनित अभ्यर्थियों को आवंटित संस्थाओं के नामों सहित सूची/पैनल बोर्ड द्वारा आज दिनांक 05.01.2022 को जारी कर दिया गया है, जो चयन बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट www.upsessb.org पर उपलब्ध है। इस पर जाकर अभ्यर्थी अपना आवंटन देख सकते है।

05-01-2022
सचिव
उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड,
प्रयागराज।